दिनांकः 21.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

लघु उद्योग भारती और राजस्थान प्रदेश उद्यमी का राज्य स्तरीय सम्मेलन आज भीलवाड़ा में आयोजित किया जाएगा। नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में होने वाले इस सम्मेलन में प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने तथा देश के विकास में उद्यमियों की भूमिका पर मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शिरकत करेंगी। इसके अलावा उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, वनमंत्री संजय शर्मा और उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई सहित लघु उद्योग भारती से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

....

स्वच्छता ही सेवा के तहत जयपुर में आज सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए प्लास्टिक की शव यात्रा निकाली जाएगी। जयपुर हेरिटेज नगर निगम की ओर से निकाली जाने वाली इस यात्रा का उद्देश्य व्यापारी और आमजन को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए जागरूक करना है। यह यात्रा निगम मुख्यालय से शुरू होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सांगानेरी गेट पहुंचेगी। यात्रा में निगम अधिकारी और सफाईकर्मी भाग लेंगे। इससे पहले, आज सुबह जयपुर आयुक्तालय के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने चांदपोल स्थित रिजर्व पुलिस लाइन से सिंधी कैम्प बस स्टेण्ड तक सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसमें पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ और अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों सहित कई थानाधिकारियों ने श्रमदान किया। उधर, जैसलमेर में प्रादेशिक पर्यावरण सेना की ईटीएफ की 128वीं पैदल वाहिनी की ओर से कल विशेष पौधारोपण अभियान किया जाएगा। अभियान के तहत पांच लाख पौधे लगाए जाएंगे।

....

राज्य में चलाए जा रहे "शुद्ध आहार, मिलावट पर वार" अभियान के तहत अब खाद्य सुरक्षा विभाग मंदिरों में अभियान चलाएगा। विभिन्न जिलों के प्रमुख मंदिरों में 23 से 26 सितम्बर तक विशेष निरीक्षण और नमूने लिए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि इस दौरान प्रसाद और सवामणि में बनने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। साथ ही, मंदिरों में साफ–सफाई का भी निरीक्षण किया जाएगा।

....

संसदीय कार्य, विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के साथ ही समग्र जन कल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संसदीय कार्य मंत्री ने आज जोधपुर सर्किट हाऊस में जनसुनवाई के दौरान ये बात कही। उन्होंने आमजन की समस्याओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए संतोषपूर्ण और जल्दी उनके समाधान के लिए दिशा–निर्देश दिए।

....

प्रदेश के कई जिलों में जिला और पंचायत स्तर पर रात्रि चौपालों को आयोजन किया जा रहा है। केकड़ी के सदारा ग्राम पंचायत में जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने कल आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये। इनमें सड़क निर्माण, पानी निकासी, अतिक्रमण और पीएम आवास योजना से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। भीलवाडा की गागेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर नमित मेहता तथा पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने लोगों की परेशानियों को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के निपटान के निर्देश दिये। श्रीगंगानगर की चूनावढ़ ग्राम पंचायत में लगी रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने आमजन की समस्याएं सुनीं।

....

भारतीय डाक विभाग की ओर से अजमेर में केन्द्र सरकार के सौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत कल डाक चौपालें लगाई गईं। जिले के किशनगढ़, अजमेर उत्तर और दक्षिण उपखंड में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। प्रवर डाक अधीक्षक देवीलाल सहारण ने बताया की चौपाल के दौरान मौके पर

ही 177 खाते खोले गए। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अजमेर मंडल में 1 हजार 713 खाते खोले जा चुके हैं।

....

राज्य सरकार ने राजधानी जयपुर के आयुक्तालय क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। यहां 32 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किये गये हैं, जिनमें 23 थानाधिकारी शामिल हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कल देर रात इस संबंध में आदेश जारी किये। आदेश के अनुसार आदर्श नगर, मालवीय नगर, बजाज नगर, जवाहर नगर, शास्त्री नगर, गांधी नगर, जालुपुरा, सुभाष चौक, रामगंज, विधायकपुरी, श्याम नगर, करधनी, भांकरोटा, सांगानेर सदर थाने सहित कई थानों के अधिकारियों को बदला गया है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

....